# नगर निगम, सहारनपुर।

पत्र सं0: 778 /स्वा0वि0/न0नि0सहा0/2025–26 दिनांकः 01-01-26

## –::अल्पकालिक ई–निविदा सूचना::–

नगर आयुक्त, सहारनपुर नगर निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 व 2026–27 हेतु वॉल पेंटिंग कार्य की दर की ई–निविदा दिनांक 17.01.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक पुनः वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर ऑन लाईन के माध्यम से आमन्त्रित की जाती है। निविदा शर्त के अनुसार ऑनलाईन अपनी निविदा दरे डाल सकते हैं। ठेकेदार/फर्म को निविदा के साथ धरोहर अंकन रूपये 1,00,000/– जमानत राशि निविदा शुल्क अंकन रू0 250+जी.एस.टी. ऑनलाईन व्यवस्था के अन्तर्गत देय होगा। निविदा शर्त के अनुसार अन्य आवश्यक अभिलेख निर्धारित दिनांक व समय तक अपलोड करने होगें। ऑनलाईन निविदा दिनांक 19.01.2026 को समिति एंव उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष खोली जायेगी। विस्तृत शर्तें , विवरण वैबसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| E-Bid Reference | File No.SBM-WP-01/2025 |
| Publish date & time for RFP | 02.01.2026 |
| Pre-Bid Meeting for Bidders | 06.01.2026 at Nagar Nigam Saharanpur 11:00 am Health Department |
| Last date time for submission of E-Bid | 17.01.2026 3:00 PM |
| Date & Time of Opening Bid | 19.01.2026 4:00 PM |
| E-Bids security Deposit | Rs. 1,00,000/- |
| E-Tender document Processing | As per tender Condition |

नोट– बिना धरोहर राशि एवं टेन्डर मूल्य की निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक
नगर निगम, सहारनुपर

नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम, सहारनपुर।

**प्रतिलिपि–**

1. मा0 महापौर, नगर निगम, सहारनपुर की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषि।
2. नगर आयुक्त महोदय की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित ।
3. ई–निविदा समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. लेखाधिकारी, नगर निगम, सहारनपुर को सूचनार्थ।
5. आई0टी0ओ0 (सीएलसी) को नगर निगम की वेबसाईट Saharanpurnagarnigam.com पर अपलोड करने हेतु।
6. सम्पादक दैनिक जागरण एवं दैनिक हॉक समाचार पत्र को इस आशय से कि उक्त विज्ञापन सूचना का प्रकाशन कम से कम स्पेस में (नौ फोन्ट) में डीएवीपी दर पर कराकर बिल 2 प्रतियो में समाचार पत्र की 3 प्रतियो सहित प्रस्तुत करे।
7. सूचना पट पर चस्पा हेतु।
8. गार्ड फाईल हेतु।

मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक
नगर निगम, सहारनुपर

नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम, सहारनपुर।

Scanned with CamScanner

**शर्त बाबत वॉल पेंटिंग की दर प्रति वर्ग फिट (मय मैटीरियल, लेबर आदि) वित्तीय वर्ष 2025–26 व 2026–27**

1. यह कि वित्तीय वर्ष 2025–26 शेष अवधि एवं वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु वॉल पेंटिंग के कार्य की प्रति वर्ग फिट दर (मय मैटीरियल, लेबर आदि) की ई–निविदा आमन्त्रित की जाती है।
2. यह कि निविदादाता/फर्म को जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन, चरित्र प्रमाण (वैध अवधि का), आधार कार्ड, पैन कार्ड, ई–निविदा के साथ संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य है।
3. यह कि निविदादाता/फर्म को समान कार्य की न्यूनतम 2 लाख रूपये मूल्य का अनुभव प्रमाण पत्र निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।
4. यह कि निविदादाता/फर्म को किसी भी सरकारी/अर्द्धसरकारी विभाग द्वारा ब्लैक लिस्ट न होने का 100 रूपये के स्टाम्प पर शपथ पत्र/प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।
5. निविदा मूल्य का अंकन रू0 250+जी.एस.टी. एवं धरोहर राशि अंकन रू0 1,00,000/– etender.up.nic.in पर ही ऑनलाईन व्यवस्था के अन्तर्गत देय होगी।
6. यह कि निविदादाता/फर्म को पेंटिंग कार्य की मैटिरियल व लेबर सहित दर प्रति वर्ग फिट में समस्त करों सहित देनी होगी।
7. यह कि मंडलायुक्त महोदय के आदेश दिनांक 16.07.2025 एवं नगर आयुक्त महोदय के आदेश के क्रम में केमिकल पेंट के बदले गोमय प्राकृतिक पेंट का प्रयोग किया जाना है। यह भी स्पष्ट कराना है कि शासकीय भवनों के रंग रोगन कार्य हेतु नगर निगम की गौशाला द्वारा निर्मित गोमय पेन्ट की खरीद के साक्ष्य इन्वॉयस/बिल के साथ देने हेंगें।
8. यह कि निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त महोदय में निहित होगा।
9. यह कि स्वीकृत निविदादाता/फर्म का अनुबन्ध हेतु निर्धारित दर का स्टाम्प पेपर देना होगा।
10. यह कि पेंटिंग की डिजाईनिंग स्वीकृत फर्म/ठेकेदार को उपलब्ध करानी होगी। डिजाईनिंग नगर निगम द्वारा पास करने उपरान्त पेंटिंग का कार्य कराना होगा।
11. यह कि यदि कार्य के दौरान स्वीकृत निविदादाता/फर्म के श्रमिक के साथ कोई घटना–दुर्घटना होती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी स्वीकृत निविदादाता /फर्म की होगी। नगर निगम किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।
12. निगम एवं जनहित में किसी भी शर्त को घटाने अथवा बढ़ाने एवं संशोधित करने का अधिकार नगर आयुक्त महोदय में निहित होगा।
13. यह कि स्वीकृत फर्म/निविदादाता द्वारा कार्य में किसी भी शर्त का उल्लंघन करने पर सम्बन्धित फर्म/निविदादाता के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।
14. यह कि निविदादाता/फर्म को समस्त आवश्यक अभिलेख ई–निविदा के साथ अपलोड करने अनिवार्य होंगें।
15. किसी भी विवाद के लिये नगर आयुक्त महोदय का निर्णय मान्य होगा।
16. निविदादाता को स्वयं द्वारा पूर्व में किये उत्कृष्ठ वॉल पेंटिंग कार्य के फोटोग्राफ भी निविदा के साथ अपलोड करने होंगें।
17. वाद के लिए चयन क्षेत्र सहारनपुर होगा।
18. निविदा हेतु किसी भी स्पष्टीकरण एवं शंका निवारण हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस पर सम्पर्क कर सकते हैं।
19. निविदा देने से पहले एक प्री–बिड मीटिंग स्वास्थ्य कार्यालय में आयोजित की जायेगी। जिसकी सूचना टेंडर सूचना के साथ दी जायेगी।

मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक
नगर निगम, सहारनपुर।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम, सहारनपुर।

Scanned with CamScanner